Prepp
Your Personal Exams Guide

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD
## सी ई एन - 06/2025 - CEN - 06/2025
## एनटीपीसी (स्नातक स्तर) की भर्ती / Recruitment of NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 19/03/2026 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC GRADUATE CBT 1 |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC GRADUATE CBT 1**

**Q.1** 37.8 cm व्यास वाले गोले का आयतन ($cm^3$) ज्ञात कीजिए, उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।
($\pi = \frac{22}{7}$ मानिए)

**Ans**
✗ A. 28301.03
✓ B. 28291.03
✗ C. 28281.03
✗ D. 28311.03

**Q.2** कमल, ललित, मनीष, नील, ओम और पवन एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी तरह सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। ललित सम क्रमांक वाले किसी तल पर रहता है। ललित, कमल के तल के ठीक नीचे वाले तल पर रहता है और मनीष के तल के ठीक ऊपर वाले तल पर रहता है। पवन, नील के तल के ठीक ऊपर वाले तल पर रहता है। पवन सम क्रमांक वाले किसी तल पर रहता है। ओम तल क्रमांक 4 पर नहीं रहता है। ओम किस तल पर रहता है?

**Ans**
✗ A. दूसरे
✗ B. तीसरे
✗ C. पाँचवें
✓ D. छठे

**Q.3** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं ही की जानी है। (सभी संख्याएं केवल एकल-अकीय संख्याएं हैं।)
(बाएं) Ω % + # 3 ? = £ 1 4 9 2 6 5 @ 7 & $ ~ * 8 (दाएं)
ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनके ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद में भी एक संख्या है?

**Ans**
✗ A. दो
✗ B. तीन
✓ C. एक
✗ D. चार

**Q.4** दो पाइप एक टैंक को क्रमशः 4 घंटे और 24 घंटे में भर सकते हैं। तीसरा पाइप टैंक को 6 घंटे में खाली कर सकता है। यदि तीनों पाइप एक साथ खोल दिए जाएं, तो खाली टैंक का आधा भाग भरने में कितना समय (घंटों में) लगेगा?

**Ans**
✗ A. 6 घंटे
✗ B. 2 घंटे
✓ C. 4 घंटे
✗ D. 3 घंटे

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.5** उस शंकु के भीतर निर्मित किए जा सकने वाले सबसे बड़े गोले का आयतन ज्ञात कीजिए, जिसके आधार की त्रिज्या 42√3 cm है और तिर्यक ऊँचाई आधार के व्यास के बराबर है। ($\pi = \frac{22}{7}$ प्रयोग कीजिए)

**Ans**
- ✗ A. 314064 cm3
- ✗ B. 314046 cm3
- ✗ C. 301644 cm3
- ✓ D. 310464 cm3

**Q.6** भारत में "ब्लू वाटर पॉलिसी (Blue Water Policy)" को किसने लागू किया?

**Ans**
- ✗ A. हेनरी द नेविगेटर (Henry the Navigator)
- ✓ B. फ्रांसिस्को डी अल्मेडा (Francisco de Almeida)
- ✗ C. जोआओ डी कास्त्रो (Joao de Castro)
- ✗ D. अल्बुकर्क (Albuquerque)

**Q.7** अंकुर एक वृत्ताकार ट्रैक X पर $1\frac{2}{3}$ m/s की चाल से दौड़ता है और महिमा ट्रैक Y पर $2\frac{1}{12}$ m/s की चाल से दौड़ती है। ट्रैक X और Y की कुल लंबाई 0.325 km है। अंकुर ट्रैक X के 9 चक्कर उतने ही समय में लगाता है जितने समय में महिमा ट्रैक Y के 5 चक्कर लगाती है। महिमा द्वारा ट्रैक X का एक चक्कर पूरा करने में लिया गया समय (सेकंड में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 39
- ✓ B. 48
- ✗ C. 42
- ✗ D. 35

**Q.8** अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एक समान हैं तथा इस प्रकार एक ग्रुप का निर्माण करते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोटः असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✗ A. NQ–SV
- ✗ B. JM–OR
- ✓ C. LO–PV
- ✗ D. PS–UX

**Q.9** A का वह अधिकतम मान क्या है जिससे 8-अंकों वाली संख्या 445A0208, संख्या 3 से विभाज्य हो जाए?

**Ans**
- ✗ A. 9
- ✓ B. 7
- ✗ C. 2
- ✗ D. 5

**Q.10** चंद्रगुप्त मौर्य के अधीन मौर्य साम्राज्य की एक प्रमुख प्रशासनिक विशेषता निम्नलिखित में से कौन-सी थी?

**Ans**
- ✓ A. अर्थशास्त्र द्वारा निर्देशित केंद्रीकृत नौकरशाही
- ✗ B. सामंती भूमि अनुदान प्रणाली
- ✗ C. धार्मिक संस्थानों द्वारा राजस्व संग्रह
- ✗ D. वंशानुगत प्रांतीय राज्यपाल

**Q.11** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (INC) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

**Ans**
- ✗ A. जॉर्ज यूल INC के पहले गैर-भारतीय अध्यक्ष थे
- ✗ B. व्योमेश चंद्र बोनर्जी INC के पहले हिंदू अध्यक्ष थे
- ✓ C. बदरुद्दीन तैयबजी INC के पहले जैन अध्यक्ष थे
- ✗ D. दादाभाई नौरोजी INC के पहले पारसी अध्यक्ष थे

Prepp Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.12** समूह A में 39 सदस्य, समूह B में 33 सदस्य और समूह C में 52 सदस्य हैं। इन समूहों के सभी सदस्य एक रेस्टोरेंट में गए। समूह A, B और C के प्रत्येक सदस्य पर खर्च की गई औसत राशि क्रमशः ₹377, ₹401 और ₹233 है। प्रति सदस्य खर्च की गई कुल औसत राशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 325
- ✗ B. 328
- ✓ C. 323
- ✗ D. 324

**Q.13** किंशुक बिंदु D से चलना शुरू करते हुए दक्षिण की ओर 5 km चलती है। वह बाएँ मुड़ती है और 9 km चलती है। फिर वह बाएँ मुड़ती है और 5 km चलती है। अंत में वह दाएँ मुड़ती है और 2 km चलती है और बिंदु E पर पहुँच जाती है। बिंदु E, बिंदु D से कितनी दूर और किस दिशा में है? (सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो।)

**Ans**
- ✗ A. 12 km, पश्चिम
- ✗ B. 9 km, पूर्व
- ✗ C. 10 km, पूर्व
- ✓ D. 11 km, पूर्व

**Q.14** कोई धनराशि साधारण ब्याज पर किस वार्षिक दर (प्रतिशत में, दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) से 12 वर्षों में स्वयं की 5 गुनी हो जाएगी?

**Ans**
- ✓ A. 33.33
- ✗ B. 35.33
- ✗ C. 31.33
- ✗ D. 66.66

**Q.15** नीचे दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह प्रश्नवाचक चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?
HGH 85 FEF 74 DCD 63 BAB 52 ?

**Ans**
- ✗ A. ZZY 41
- ✗ B. ZXY 40
- ✗ C. ZHQ 40
- ✓ D. ZYZ 41

**Q.16** 2025 में, भारत ने UN सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स (SDGs) रैंकिंग में किस उपलब्धि को प्राप्त किया?

**Ans**
- ✗ A. भारत टॉप 100 से बाहर हो गया।
- ✗ B. भारत ने सभी SDG प्राप्त कर लिए।
- ✗ C. भारत ने विश्व स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त किया।
- ✓ D. भारत पहली बार टॉप 100 में शामिल हुआ।

**Q.17** यदि a : b = 1 : 3, b : c = 5 : 7 और c : d = 9 : 5 है, तो a : b : c : d का मान कितना होगा?

**Ans**
- ✓ A. 15 : 45 : 63 : 35
- ✗ B. 15 : 75 : 105 : 35
- ✗ C. 25 : 75 : 105 : 45
- ✗ D. 5 : 75 : 105 : 35

**Q.18** दो नल एक टंकी को क्रमशः 4 घंटे और 32 घंटे में भर सकते हैं। तीसरा नल उसे 32 घंटे में खाली कर सकता है। यदि सभी नल एक साथ खोले जाएं, तो खाली टंकी को एक चौथाई भरने में कितना समय (घंटों में) लगेगा?

**Ans**
- ✓ A. 1
- ✗ B. 3
- ✗ C. 4
- ✗ D. 2

Q.19 भूमध्य सागर को लाल सागर से जोड़ने वाला कौन-सा अंतर्राष्ट्रीय जलमार्ग विश्व व्यापार के लिए सबसे महत्वपूर्ण है?

Ans
- ✗ A. पनामा नहर (Panama Canal)
- ✗ B. मलक्का जलडमरूमध्य (Strait of Malacca)
- ✗ C. बोस्पोरस जलडमरूमध्य (Bosporus Strait)
- ✓ D. स्वेज नहर (Suez Canal)

Q.20 एक दुकानदार ने ₹54,000 में एक जैसे 45 कैलकुलेटर खरीदे। उसने उनमें से 30 कैलकुलेटर 25% लाभ पर तथा शेष 20% हानि पर बेचे। समग्र लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 5% लाभ
- ✗ B. 5% हानि
- ✓ C. 10% लाभ
- ✗ D. 10% हानि

Q.21 किसने उस ब्राह्मी शिलालेख का गूढ़ अर्थ निकाला जिसमें राजा अशोक को देवनामप्रिय पियदसी (Devanampiya Piyadasi) के रूप में संदर्भित किया गया था?

Ans
- ✗ A. रोमिला थापर (Romila Thapar)
- ✗ B. सुसान बेली (Susan Bayly)
- ✓ C. जेम्स प्रिंसेप (James Princep)
- ✗ D. आर. सी. मजूमदार (R C Majumdar)

Q.22 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी पतंग, खरगोश हैं। कोई भी पतंग, चील नहीं है। सभी चील, सुअर हैं।

निष्कर्ष:
(I) कोई भी सुअर, खरगोश नहीं है।
(II) कुछ सुअर, पतंग हैं।

Ans
- ✗ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✗ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ C. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✓ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.23 घन वाद्य (Ghana Vadya) या इडियोफोन वाद्य यंत्र वे गैर-ड्रम आघात वाद्य यंत्र हैं जिन्हें समस्वरण की आवश्यकता नहीं होती है। __________, घन वाद्य का एक उदाहरण है।

Ans
- ✗ A. पुंगी
- ✗ B. शहनाई
- ✗ C. सारंगी
- ✓ D. घटम

Q.24 एक गाँव की जनसंख्या 2,90,000 थी। पहले वर्ष में इसमें 5% की वृद्धि हुई और दूसरे वर्ष 30% की वृद्धि हुई। दो वर्ष बाद गाँव की जनसंख्या कितनी होगी?

Ans
- ✗ A. 3,04,500
- ✗ B. 3,91,500
- ✓ C. 3,95,850
- ✗ D. 3,77,000

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.25** साधारण सूक्ष्मदर्शी में किस प्रकार के लेंस का उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✗ A. अभयावतल
- ✗ B. बेलनाकार
- ✓ C. उभयोत्तल
- ✗ D. समतल-अवतल

**Q.26** किस प्राकृतिक आपदा में पहाड़ से हिम, बर्फ और चट्टानों का बड़े पैमाने पर खिसकना शामिल होता है?

Ans
- ✗ A. भूस्खलन (Landslide)
- ✗ B. सुनामी (Tsunami)
- ✗ C. चक्रवात (Cyclone)
- ✓ D. हिमस्खलन (Avalanche)

**Q.27** दिसंबर 2025 में, कितने देशों ने साइबर अपराध के विरुद्ध यूनाइटेड नेशन्स कन्वेंशन पर हस्ताक्षर किए?

Ans
- ✗ A. 122
- ✗ B. 190
- ✓ C. 72
- ✗ D. 151

**Q.28** पर्यावरण लेखापरीक्षा नियमावली, 2025 के अंतर्गत पर्यावरण लेखापरीक्षा करने के लिए आधिकारिक रूप से कौन अधिकृत है?

Ans
- ✗ A. पर्यावरण सलाहकार
- ✗ B. प्रमाणित पर्यावरण लेखा परीक्षक
- ✓ C. पंजीकृत पर्यावरण लेखा परीक्षक
- ✗ D. पर्यावरण लेखापरीक्षा नामित एजेंसी

**Q.29** नीचे दिए गए आंकड़ो का बहुलक ज्ञात कीजिए। [अपना उत्तर 2 दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।]

| आयु, वर्ष में | 15-25 | 25-35 | 35-45 | 45-55 | 55-65 | 65-75 | 75-85 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रोगियों की संख्या | 18 | 10 | 15 | 14 | 30 | 40 | 34 |

Ans
- ✗ A. 70.25
- ✗ B. 72.25
- ✓ C. 71.25
- ✗ D. 69.25

**Q.30** किसी परीक्षा में विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंकों के निम्नलिखित बारंबारता-बंटन के लिए बहुलक ज्ञात कीजिए। (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित करें)

| अंक | 0-10 | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 |
|---|---|---|---|---|---|
| विद्यार्थियों की संख्या | 8 | 16 | 36 | 34 | 16 |

Ans
- ✗ A. 28.45
- ✗ B. 30.15
- ✓ C. 29.09
- ✗ D. 31.25

**Q.31** निम्नलिखित में से कौन-सा डिवाइस, इनपुट और आउटपुट दोनों के रूप में कार्य करता है?

Ans
- ✗ A. कीबोर्ड
- ✗ B. स्पीकर
- ✓ C. टचस्क्रीन
- ✗ D. प्रिंटर

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.32 ऑपरेटिंग सिस्टम और डिवाइस ड्राइवर जैसे घटक किस श्रेणी के सॉफ्टवेयर के अंतर्गत आते हैं?

Ans
- ✔ A. सिस्टम सॉफ्टवेयर
- ✗ B. टेम्परेरी प्रोग्राम
- ✗ C. केवल यूटिलिटी सॉफ्टवेयर
- ✗ D. एंटरटेनमेंट सॉफ्टवेयर

Q.33 यदि संख्या 5714623 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो बाईं ओर से दूसरे और दाईं ओर से दूसरे अंकों का योग क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 9
- ✗ B. 6
- ✔ C. 8
- ✗ D. 7

Q.34 अक्टूबर 2025 में 68वें कॉमनवेल्थ पार्लियामेंटरी कॉन्फ्रेंस (Commonwealth Parliamentary Conference) की मेजबानी किस देश ने की थी?

Ans
- ✗ A. ऑस्ट्रेलिया
- ✗ B. कनाडा
- ✔ C. बारबाडोस
- ✗ D. घाना

Q.35 सात व्यक्ति F, G, H, I, V, W और X एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। H, F के बाएँ, तीसरे स्थान पर बैठा है। I, V के बाएँ, दूसरे स्थान पर बैठा है। G और I के बीच केवल F बैठा है। W, H का निकटतम पड़ोसी नहीं है। X के दाएँ से गिनने पर, X और I के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✔ B. दो
- ✗ C. तीन
- ✗ D. एक

Q.36 1991 के आर्थिक सुधारों के बाद भारत के कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों में कौन-सा प्रमुख परिवर्तन आया?

Ans
- ✗ A. कृषि राष्ट्रीय आय का एकमात्र स्रोत बन गई।
- ✗ B. सरकार ने निजी उद्योगों पर नियंत्रण बढ़ा दिया।
- ✗ C. केवल कृषि को महत्व दिया गया, उद्योग को नहीं।
- ✔ D. अधिक निजी कंपनियों और विदेशी निवेश की अनुमति दी गई।

Q.37 $0 \le p \le 1$ के परिसर में व्यंजक $\max\{p^2 - 2p + 4, -p^2 + 2p - 4\}$ का न्यूनतम मान क्या है?

Ans
- ✗ A. 1
- ✔ B. 3
- ✗ C. 2
- ✗ D. 4

Q.38 किस संवैधानिक संशोधन द्वारा आठवीं अनुसूची में 'उड़िया' को 'ओडिया' से प्रतिस्थापित किया गया था?

Ans
- ✔ A. 96वां संशोधन
- ✗ B. 97वां संशोधन
- ✗ C. 94वां संशोधन
- ✗ D. 95वां संशोधन

Q.39 निम्नलिखित में से किस केंद्र शासित प्रदेश में विधान सभा और मंत्रिपरिषद है?

Ans
- ✗ A. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह
- ✔ B. पुदुचेरी
- ✗ C. दमन और दीव
- ✗ D. दादरा और नगर हवेली

**Q.40** S, N की माता है। N, U की बहन है। L, E का पिता है। E, U का पति है। S का E से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. बहन
- ✓ B. पत्नी की माता
- ✗ C. माता
- ✗ D. पत्नी की बहन

**Q.41** 2024 में किस अवसर पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (DAJGUA) की शुरुआत की?

Ans
- ✗ A. विश्व पर्यावरण दिवस
- ✓ B. गांधी जयंती
- ✗ C. स्वतंत्रता दिवस
- ✗ D. गणतंत्र दिवस

**Q.42** दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

65 63 60 55 48 ?

Ans
- ✗ A. 39
- ✓ B. 37
- ✗ C. 36
- ✗ D. 33

**Q.43** अधिकांश वेब ब्राउजरों में, जब एक ब्राउजर में कई टैब ओपन होते हैं, तो Ctrl + Tab दबाने से कौन-सी क्रिया होती है?

Ans
- ✗ A. चयनित टैब को रिमूव करता है
- ✗ B. बाईं ओर पिछले टैब पर नेविगेट करता है
- ✗ C. नया टैब लॉन्च करता है
- ✓ D. दाईं ओर अगले टैब पर नेविगेट करता है

**Q.44** निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) J M L * J % G $ F # @ W D @ # ? + B H N % (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी अक्षरों को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा दाईं ओर से सातवाँ होगा?

Ans
- ✗ A. @
- ✗ B. %
- ✓ C. #
- ✗ D. +

**Q.45** ऊष्मागतिकी के खुले निकाय के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
- ✓ A. निकाय एवं परिवेश के बीच ऊर्जा और द्रव्य का विनिमय होता है।
- ✗ B. निकाय एवं परिवेश के बीच ऊर्जा का विनिमय नहीं होता, लेकिन द्रव्य का विनिमय संभव है।
- ✗ C. निकाय एवं परिवेश के बीच ऊर्जा या द्रव्य का विनिमय नहीं होता है।
- ✗ D. निकाय एवं परिवेश के बीच द्रव्य का विनिमय नहीं होता, लेकिन ऊर्जा का विनिमय संभव है।

**Q.46** चार कक्षाओं में लड़कों और लड़कियों का अनुपात क्रमशः 4 : 5, 3 : 2, 6 : 5 और 5 : 6 है। किस कक्षा में लड़कों का अनुपात अधिक है?

Ans
- ✗ A. तृतीय कक्षा (6 : 5)
- ✗ B. प्रथम कक्षा (4 : 5)
- ✓ C. द्वितीय कक्षा (3 : 2)
- ✗ D. चौथी कक्षा (5 : 6)

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.47 यूनेस्को (UNESCO) के विश्व नेटवर्क में 2025 में शामिल किया गया 'शीत मरुस्थल जीवमंडल रिजर्व (Cold Desert Biosphere Reserve)' भारत के किस राज्य में स्थित है?

Ans
- ✗ A. कंचनजंगा जीवमंडल परिदृश्य के निकट सिक्किम में
- ✗ B. ऊपरी सिंधु घाटी बेसिन के साथ जम्मू और कश्मीर में
- ✗ C. नंदा देवी जीवमंडल क्षेत्र से सटे उत्तराखंड में
- ✓ D. पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश में

Q.48 एक नाव धारा के अनुकूल 120 km की दूरी 6 घंटे में और धारा के विपरीत 120 km की दूरी 10 घंटे में तय करती है। धारा की चाल 4 km/hr है। स्थिर जल में नाव की चाल कितनी होगी?

Ans
- ✓ A. 16 km/hr
- ✗ B. 14 km/hr
- ✗ C. 10 km/hr
- ✗ D. 8 km/hr

Q.49 अमित ने समान राशि को साधारण ब्याज और चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक रूप से संयोजित) पर 2 वर्षों के लिए समान 4% वार्षिक दर पर निवेश किया। अंत में, उसे दोनों ब्याज दरों में ₹53 का अंतर प्राप्त हुआ। प्रत्येक स्थिति में निवेश की गई राशि (₹ में) कितनी थी?

Ans
- ✓ A. 33125
- ✗ B. 32225
- ✗ C. 33475
- ✗ D. 32375

Q.50 भारत में कम वर्षा के साथ प्रशांत महासागर में समुद्र पृष्ठ ताप में वृद्धि निम्नलिखित में से किस घटना से संबंधित है?

Ans
- ✗ A. प्रो निनो (Pro Nino)
- ✓ B. एल नीनो (El Nino)
- ✗ C. सा नीना (Sa Nina)
- ✗ D. ची नीना (Chi Nina)

Q.51 भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद को 73वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1992 के माध्यम से व्यावहारिक प्रभाव दिया गया था, जिससे भारत में पंचायती राज प्रणाली की स्थापना हुई?

Ans
- ✗ A. अनुच्छेद 56
- ✓ B. अनुच्छेद 40
- ✗ C. अनुच्छेद 48
- ✗ D. अनुच्छेद 38

Q.52 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए युग्मों के दो समुच्चयों द्वारा अनुसरण किए गए पैटर्न के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

AOE:BQH
OST:PUW

Ans
- ✗ A. LAJ:MDN
- ✗ B. ADP:BGQ
- ✗ C. DAF:FCH
- ✓ D. SHF:TJI

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.53 उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(15, 7, 100)
(25, 8, 195)

Ans
- ✗ A. (18, 10, 185)
- ✓ B. (23, 6, 133)
- ✗ C. (26, 4, 104)
- ✗ D. (21, 11, 236)

Q.54 एक दुकानदार किसी वस्तु का मूल्य उसके क्रय मूल्य से 150% अधिक अंकित करता है। 60% लाभ प्राप्त करने के लिए उसके द्वारा अंकित मूल्य पर कितने प्रतिशत की छूट प्रदान की जानी चाहिए?

Ans
- ✓ A. 36%
- ✗ B. 33%
- ✗ C. 39%
- ✗ D. 34%

Q.55 दो रेखाएं $AB$ और $CD$ समानांतर हैं। मान लीजिए कि $PQ$ एक तिर्यक् छेदी रेखा है, जो $AB$ को $M$ पर और $CD$ को $N$ पर प्रतिच्छेदित करती है।
यदि $\angle MND = 47^\circ$ है, तो $\angle AMN$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. $73^\circ$
- ✓ B. $47^\circ$
- ✗ C. $107^\circ$
- ✗ D. $133^\circ$

Q.56 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'D + F ÷ G – H x J' है, तो D का J से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पत्नी की माता
- ✗ B. माता
- ✓ C. पत्नी की बहन
- ✗ D. बहन

Q.57 एक निश्चित कूट भाषा में, 'GLOW' को '4628' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'WEAR' को '3574' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'W' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✓ A. 4
- ✗ B. 3
- ✗ C. 7
- ✗ D. 8

Q.58 खाद्य उत्पादों में विकृतगंधिता (rancidity) का कारण क्या है?

Ans
- ✗ A. किण्वन
- ✗ B. वाष्पीकरण
- ✓ C. ऑक्सीकरण
- ✗ D. अपचयन

**Q.59** विंडोज में निम्नलिखित से कौन-सी लोकेशन हाल ही में खोली गई फ़ाइलों को त्वरित एक्सेस के लिए स्टोर करती है?

**Ans**
- ✗ A. रीसायकल बिन (Recycle Bin)
- ✗ B. डेस्कटॉप (Desktop)
- ✓ C. क्विक एक्सेस (Quick Access)
- ✗ D. कंट्रोल पैनल (Control Panel)

**Q.60** मराठी भाषा के प्रथम उपन्यास 'यमुना पर्यटन' की विषय-वस्तु के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही है?

**Ans**
- ✗ A. साहसिक कहानियों पर केंद्रित
- ✓ B. विधवाओं के संबंध में हिंदू प्रथाओं की आलोचना की गई
- ✗ C. यमुना क्षेत्र के राजनीतिक जीवन पर केंद्रित
- ✗ D. हिंदू रीति-रिवाजों की प्रशंसा की गई

**Q.61** 1992 में किस वैश्विक आयोजन ने सतत विकास को लोकप्रिय बनाया?

**Ans**
- ✓ A. रियो अर्थ समिट
- ✗ B. पेरिस समझौता
- ✗ C. क्योटो प्रोटोकॉल
- ✗ D. मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल

**Q.62** निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\frac{\sqrt[3]{2197}}{\sqrt[4]{10000}} \text{x} \frac{5}{39} \text{x}\, 48 = ?$$

**Ans**
- ✗ A. 16
- ✓ B. 8
- ✗ C. 4
- ✗ D. 2

**Q.63** आर्थिक सर्वेक्षण 2024–25 में कहा गया है कि भारत की विदेशी मुद्रा आरक्षित निधि दिसंबर 2024 तक की स्थिति के अनुसार विदेशी ऋण के लगभग कितने प्रतिशत को पूरा करने के लिए पर्याप्त थी?

**Ans**
- ✗ A. 110% से अधिक
- ✗ B. लगभग 75%
- ✓ C. लगभग 90%
- ✗ D. लगभग 60%

**Q.64** सात मित्र – A, B, C, D, E, F और G – सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिनों में मीटिंग होती हैं। C की मीटिंग गुरुवार को होती है।
C और F के बीच केवल एक व्यक्ति की मीटिंग होती है। A की मीटिंग F की मीटिंग से ठीक पहले होती है, लेकिन सोमवार को नहीं होती है। A और G के बीच केवल दो व्यक्तियों की मीटिंग होती हैं। B की मीटिंग, E की मीटिंग से पहले होती है, लेकिन D की मीटिंग के बाद होती है। B की मीटिंग किस दिन होती है?

**Ans**
- ✗ A. मंगलवार
- ✓ B. बुधवार
- ✗ C. शुक्रवार
- ✗ D. सोमवार

**Q.65** $x^{3.5} \times y^{1.5}$, $\frac{y^{2.5}}{x^{-4.5}}$ और $\frac{x}{y^{-3}}$ का लघुत्तम समापवर्त्य ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. $(xy)^2\sqrt{y^3}$
- ✗ B. $(xy)^3\sqrt{y^3}$
- ✓ C. $(xy)^3\sqrt{x^3}$
- ✗ D. $(xy)^2\sqrt{x^3}$

Q.66 जब एक स्प्रिंग को उसकी साम्यावस्था से संपीड़ित किया जाता है, तो इसकी स्थितिज ऊर्जा ________________।

Ans
- ✔ A. बढ़ जाती है
- ✗ B. घट जाती है
- ✗ C. अपरिवर्तित रहती है
- ✗ D. पहले घटती है, फिर बढ़ती है

Q.67 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

9 11 14 19 26 ?

Ans
- ✗ A. 41
- ✗ B. 35
- ✗ C. 39
- ✔ D. 37

Q.68 भारतीय संविधान के प्रारंभ के बाद, कौन-सा संवैधानिक अनुच्छेद भारतीय संसद को भारतीय नागरिकता के अर्जन और पर्यवसान से संबंधित कानून बनाने का अधिकार देता है?

Ans
- ✗ A. अनुच्छेद 8
- ✗ B. अनुच्छेद 5
- ✗ C. अनुच्छेद 6
- ✔ D. अनुच्छेद 11

Q.69 1 से 60 तक की सभी प्राकृत संख्याओं का औसत कितना है?

Ans
- ✗ A. 31
- ✗ B. 31.5
- ✔ C. 30.5
- ✗ D. 30

Q.70 निम्नलिखित अक्षर, संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। सभी संख्याएँ केवल एक अंकीय संख्याएँ हैं।

(बाएँ) D T £ © 3 6 Z % U $ 8 2 7 P * @ 3 J V © H N (दाएँ)

यदि श्रृंखला से सभी संख्याएँ हटा दी जाएँ, तो निम्नलिखित में से कौन-सा बाएँ से पाँचवाँ होगा?

Ans
- ✗ A. ©
- ✗ B. %
- ✔ C. Z
- ✗ D. £

Q.71 कौन-सी मापन विधि संदर्भ वर्ष में बेरोजगार पाए गए सभी व्यक्तियों को शामिल करती है और दीर्घकालिक बेरोजगारी को दर्शाती है?

Ans
- ✗ A. वर्तमान दैनिक स्थिति बेरोजगारी (Current Daily Status Unemployment)
- ✔ B. सामान्य प्रमुख स्थिति बेरोजगारी (Usual Principal Status Unemployment)
- ✗ C. वर्तमान साप्ताहिक स्थिति बेरोजगारी (Current Weekly Status Unemployment)
- ✗ D. सामान्य सहायक स्थिति बेरोजगारी (Usual Subsidiary Status Unemployment)

Q.72 भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद, नगरपालिकाओं को वित्तीय शक्तियां प्रदान करता है?

Ans
- ✗ A. अनुच्छेद 243ZB
- ✗ B. अनुच्छेद 243P
- ✔ C. अनुच्छेद 243X
- ✗ D. अनुच्छेद 243U

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.73 मान लीजिए ABC एक समकोण त्रिभुज है जिसमें ∠B = 90°, AB = 12 cm और AC = 13 cm है। tan A - cot C का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ A. 0
✗ B. 2
✗ C. 6
✗ D. 5

Q.74 नट्यांजलि नृत्य महोत्सव प्रत्येक वर्ष चिदंबरम (तमिलनाडु) में स्थित 1000 वर्ष पुराने मंदिर में ______ दिनों तक आयोजित किया जाता है।

Ans
✔ A. 5
✗ B. 2
✗ C. 8
✗ D. 10

Q.75 नीचे संख्याओं के दो समूह दिए गए हैं। प्रत्येक समूह में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने से दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने से तीसरी संख्या प्राप्त होती है, और इसी प्रकार आगे भी संख्याएं प्राप्त होती है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न में दी गई संक्रियाओं के समान समूह का अनुसरण करता है?
(नोट – दो/तीन अंकों की संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है, उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 आता है, तो संक्रिया 3+7 नहीं हो सकती क्योंकि दो अंकों की संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है।)
**8 – 18 – 36 – 56; 12 – 22 – 44 – 64**

Ans
✗ A. 10 – 20 – 40 – 80
✗ B. 17 – 27 – 44 – 54
✔ C. 20 – 30 – 60 – 80
✗ D. 15 – 25 – 50 – 80

Q.76 चेतन का वेतन ₹18000 प्रति माह है। वह मकान किराए पर ₹5000, बिलों पर ₹2000 खर्च करता है और शेष राशि उसकी मासिक बचत है। यदि उसने अपने जन्मदिन के महीने में अपनी पूरी मासिक बचत जन्मदिन समारोह पर खर्च कर दी, तो एक वर्ष में उसकी बचत (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 110000
✗ B. 132000
✗ C. 99000
✔ D. 121000

Q.77 अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन अक्षर-समूह किसी निश्चित तरीके से समान हैं और इसलिए एक ग्रुप बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ A. JQM
✗ B. GNJ
✔ C. PWR
✗ D. MTP

Q.78 निम्नलिखित में से किस अक्षर समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

**# : RWU :: KPN : %**

Ans
✗ A. # = SYW , % = KFI
✗ B. # = TYX , % = KLI
✔ C. # = SXV , % = JOM
✗ D. # = TXY , % = JLM

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.79 2025 में, समुद्र संरक्षण और जलवायु जोखिमों पर प्रकाश डालने वाला ऐतिहासिक लाइव अंडरवाटर इंटरव्यू किस देश के राष्ट्रपति द्वारा आयोजित किया गया था?

Ans
✔ A. पलाऊ
✘ B. फिजी
✘ C. सेशेल्स
✘ D. मालदीव

Q.80 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

22 A 2 B 1 C 3 D 2 = ?

Ans
✘ A. 13
✘ B. 10
✔ C. 12
✘ D. 11

Q.81 आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (EWS) के लिए आरक्षण को सक्षम बनाने हेतु 103वें संशोधन अधिनियम, 2019 द्वारा संविधान में कौन-से प्रावधान सम्मिलित किए गए थे?

Ans
✘ A. अनुच्छेद 15(5) और 16(5)
✔ B. अनुच्छेद 15(6) और 16(6)
✘ C. अनुच्छेद 15(2) और 16(2)
✘ D. अनुच्छेद 15(4) और 16(4)

Q.82 P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा, सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है।
T की परीक्षा मंगलवार को होती है। R और T के बीच केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा होती है। P की परीक्षा S के ठीक बाद होती है, लेकिन रविवार को नहीं होती है। Q की परीक्षा V से पहले होती है लेकिन सोमवार को नहीं होती है।
U और P के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा होती है?

Ans
✘ A. एक
✔ B. दो
✘ C. चार
✘ D. तीन

Q.83 एक रासायनिक अनुसंधान प्रयोगशाला तीन यौगिकों A, B, और C का उपयोग करती है जिसका लागत अनुपात 3 : 5 : 7 है। जब मिश्रण में चौथे यौगिक D को मिलाया जाता है, तो कुल लागत 40% बढ़ जाती है। यदि नया अनुपात A : B : C : D = 3 : 5 : 7 : x हो जाता है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ A. 8
✘ B. 9
✘ C. 4
✔ D. 6

Q.84 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। आपको यह निर्धारित करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी कॉपर, आयरन हैं।
सभी आयरन, सिल्वर हैं।
सभी सिल्वर, गोल्ड हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ गोल्ड, आयरन हैं।
(II) सभी सिल्वर, कॉपर हैं।

Ans
✔ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
✘ B. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं
✘ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✘ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

Q.85 निम्नलिखित में से कौन-सा, ICAR- केंद्रीय मत्स्यकी शिक्षा संस्थान का मुख्यालय है?

Ans
✘ A. तिरुवनंतपुरम
✘ B. विशाखापत्तनम
✔ C. मुंबई
✘ D. पणजी

Q.86 उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 व 3 में तोड़ना और फिर 1 व 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(40, 122, 4)
(30, 101, 13)

Ans
✔ A. (37, 120, 11)
✘ B. (10, 50, 17)
✘ C. (2, 26, 17)
✘ D. (10, 51, 18)

Q.87 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न "?" के स्थान पर आयेगा?
MRA 17, QVE 20, UZI 23, YDM 26, ?

Ans
✘ A. CGO 28
✔ B. CHQ 29
✘ C. DIR 30
✘ D. CIS 29

Q.88 $\frac{(4.23)^3 - 0.69 \times (4.23)^2 + 12.69(0.23)^2 - (0.23)^3}{0.4 \times 0.4 \times 4}$ को सरल कीजिए।

Ans
✘ A. 1
✔ B. 100
✘ C. 10
✘ D. 1000

Q.89 यदि $(125)^{1.3} \times (25)^{1.8} \div (5)^{2.5} = 5^x$ है, तो $18x - 5$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 80
- ✗ B. 90
- ✓ C. 85
- ✗ D. 95

Q.90 दो समांतर रेखाओं L1 और L2 को एक तिर्यक रेखा काटती है। यदि एकांतर अंत: कोणों में से एक 65° है, तो संगत एकांतर अंत: कोण का माप कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 90°
- ✗ B. 180°
- ✓ C. 65°
- ✗ D. 110°

Q.91 एक दुकानदार अपना सामान 20% हानि पर बेचने का दावा करता है, लेकिन एक सदोष तुला का उपयोग करता है और 40% का लाभ अर्जित करता है। वह 1 kg के स्थान पर वास्तविक रूप से कितने वजन (दशमलव के एक स्थान तक पूर्णांकित) का उपयोग करता है?

Ans
- ✓ A. 571.4 gm
- ✗ B. 568.8 gm
- ✗ C. 575.4 gm
- ✗ D. 576.7 gm

Q.92 ₹5, ₹2 और ₹1 के सिक्कों का कुल मूल्य ₹212 है। सिक्कों की कुल संख्या 112 है। ₹2 के सिक्कों की संख्या ₹5 के सिक्कों की संख्या से 50 अधिक है। ₹1 के सिक्कों की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 42
- ✗ B. 50
- ✗ C. 10
- ✗ D. 25

Q.93 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) क्रमांकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। दोनों कथनों को पढ़ें और उचित उत्तर चुनें।
प्रश्न: कुणाल, मोहित, रोहन, संदीप और तरुण में से प्रत्येक की आयु अलग-अलग है। इनमें से सबसे बड़ा कौन है?
(I) मोहित, कुणाल से बड़ा है लेकिन संदीप से छोटा है।
(II) तरुण, संदीप से छोटा है लेकिन मोहित से बड़ा है।

Ans
- ✗ A. कथन I में दी गई जानकारी ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है
- ✗ B. कथन II में दी गई जानकारी ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है
- ✓ C. कथन I और II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
- ✗ D. प्रश्न का उत्तर देने के लिए कथन I और II दोनों एक साथ पर्याप्त हैं (केवल कथन I या केवल कथन II नहीं)

Q.94 2020 में, निम्नलिखित में से किस ऑनलाइन महोत्सव में भारतीय शास्त्रीय नृत्य कलाकारों पर वृत्तचित्र प्रदर्शित किए गए थे?

Ans
- ✗ A. नाट्य उत्सव (Natya Utsav)
- ✗ B. रंगमंच (Rangmanch)
- ✗ C. नृत्य महोत्सव (Nritya Mahotsav)
- ✓ D. नृत्यांजलि (Nrityanjali)

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.95 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। F के दाएँ से गिनती करने पर F और B के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। A के बाएँ से गिनती करने पर B और A के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। F के दाएँ से गिनती करने पर F और C के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। E, D के ठीक बाएँ पड़ोस में बैठा है। A के दाएँ से गिनती करने पर A और E के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✔ A. 1
- ✘ B. 3
- ✘ C. 2
- ✘ D. 4

Q.96 GFRA 2025 के अनुसार, नेट वार्षिक वन क्षेत्र वृद्धि में भारत ने विश्व भर में कौन-सा स्थान बनाए रखा?

Ans
- ✔ A. तीसरा
- ✘ B. पांचवां
- ✘ C. चौथा
- ✘ D. दूसरा

Q.97 निम्नलिखित में से कौन-सा सिद्धांत, दादाभाई नौरोजी की 1901 में प्रकाशित पुस्तक 'पावर्टी एंड अन-ब्रिटिश रूल इन इंडिया (Poverty and Un-British Rule in India)' में प्रतिपादित किया गया था?

Ans
- ✘ A. दो राष्ट्र सिद्धांत
- ✘ B. व्यपगत सिद्धांत
- ✘ C. सहायक गठबंधन सिद्धांत
- ✔ D. धन-निष्कासन सिद्धांत

Q.98 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से GJHA का संबंध JNLD से है। उसी प्रकार, KMEL का संबंध NQIO से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, NROT का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✘ A. QWTT
- ✘ B. SWVQ
- ✘ C. QWZT
- ✔ D. QVSW

Q.99 विकसित देशों में, कुल उत्पादन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र सर्वाधिक महत्वपूर्ण हो गया है?

Ans
- ✔ A. तृतीयक क्रियाकलाप
- ✘ B. प्राथमिक क्रियाकलाप
- ✘ C. द्वितीयक क्रियाकलाप
- ✘ D. पंचम क्रियाकलाप

Q.100 एक निश्चित कूट भाषा में, 'LITE' को '8196' के रूप में और 'FELT' को '6481' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'F' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✘ A. 6
- ✘ B. 8
- ✘ C. 1
- ✔ D. 4

"